# सीएम बोले- कांग्रेस को हर चीज़ दिखती गलत

▸ जलगंगा अभियान की उपलब्धियों की लगेगी प्रदर्शनी

**भोपाल,27 जुलाई. विधानसभा मानसून सत्र से पहले पाबंदियों पर मचे सियासी घमासान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा,विधानसभा अध्यक्ष ऐसे निर्देश हमेशा देते हैं. 'जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत तिन तैसी'... कांग्रेस को तो हर चीज़ में गलती नजर आती है. अगर आंख में कचरा चला जाए तो सारी दुनिया गंदी नजर आती है.**

> सत्र के पहले दिन विधानसभा के सेंट्रल हॉल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे. 90 दिवसीय इस अभियान के तहत प्रदेश में 84,726 खेत तालाब, 1,04,276 कूप रिचार्ज पिट और 1,283 अमृत सरोवर बनाए गए. जल संचय में खंडवा देश में पहले नंबर पर रहा.

## प्रधानमंत्री का 'मन की बात' बना जन संवाद का प्रभावी माध्यम



▸ भोपाल की 'सकारात्मक सोच' टीम और बुंदेलखंड के किलों का पीएम मोदी ने किया उल्लेख

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का भोपाल के वार्ड 50 स्थित गुलमोहर कॉलोनी में स्थानीय रहवासियों के साथ श्रवण किया. इस अवसर पर उन्होंने बरगद का पौधा भी रोपा और प्रधानमंत्री के संदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की. मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात देशवासियों से संवाद का प्रभावी मंच है, जो प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोदी ने इस बार के एपिसोड में मध्यप्रदेश की दो विशिष्टताओं का उल्लेख कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है. एक ओर भोपाल की महिला टीम सकारात्मक सोच की स्वच्छता के प्रति जागरूकता को सराहा, वहीं बुंदेलखंड के ऐतिहासिक किलों की सांस्कृतिक गरिमा की चर्चा की.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भोपाल की सीमा से लगे रायसेन में विशाल रेल कोच निर्माण इकाई की स्थापना की जा रही है. इसका भूमि पूजन 10 अगस्त को होगा. यह इकाई रोजगार और औद्योगिक विकास का नया द्वार खोलेगी. भोपाल के समीप स्थित रातापानी टाइगर रिजर्व को अब डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर अभयारण्य के नाम से जाना जाएगा.

> **भोपाल की स्वच्छता को मिली पहचान**
>
> प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भोपाल की एक टीम 'सकारात्मक सोच' में 200 महिलाएं हैं, जो न सिर्फ सफाई करती हैं बल्कि सोच बदलती हैं. 17 पार्कों की सफाई, कपड़े के थैले बांटना—इनका हर कार्य एक संदेश देता है. मुख्यमंत्री ने भोपालवासियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता में मिली रैंकिंग प्रदेश के लिए गर्व की बात है. प्रधानमंत्री ने ग्वालियर, झांसी, दतिया, अजयगढ़, गढ़कुंडार और चंदेरी जैसे किलों का उल्लेख करते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति का प्रतीक बताया. उन्होंने देशवासियों से इन स्थलों की यात्रा कर इतिहास से जुड़ने की अपील की.

# 4,300 करोड़ का नया कर्ज ले रही सरकार!

## हर नागरिक पर 55,000 का कर्ज, फिर भी जारी 'सरकारी लक्ज़री'

**भोपाल,27 जुलाई. मध्यप्रदेश की मोहन सरकार एक बार फिर बड़े कर्ज के घेरे में कदम रखने जा रही है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि राज्य सरकार 4,300 करोड़ का नया कर्ज लेने जा रही है, जिसके लिए रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया में गवर्नमेंट सिक्योरिटीज की बिक्री की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है.**



यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब राज्य पहले से ही भारी वित्तीय दबाव में है और कर्ज का कुल बोझ 4.50 लाख करोड़ से अधिक हो चुका है. विशेषज्ञों के मुताबिक, मोहन सरकार के कार्यकाल में कर्ज लेने की रफ्तार काफी तेज़ हुई है. हर महीने औसतन 5,000 करोड़ का नया कर्ज लिया जा रहा है. इसके चलते अब प्रदेश का हर नागरिक औसतन 55,000 से अधिक के कर्ज तले दबा हुआ है.

जहां एक ओर प्रदेश वित्तीय संकट से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार के खर्च में कोई कटौती नहीं दिख रही. कर्ज लेने के साथ-साथ 'सरकारी लक्जरी' भी जारी है. हाल ही में सरकार ने एक नया हवाई जहाज खरीदा है, मंत्रियों के लिए नई लग्जरी गाड़ियां खरीदी गई हैं और बंगलों का रंग-रोगन एवं साज-सज्जा पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं,इस पर कांग्रेस लगातार सवाल उठा रही है.

# बीजेपी की आज से 3 दिन होंगी बैठकें

▸ विधायक दल, संगठन और सांसदों संग होगी चर्चा

**भोपाल,27 जुलाई. मध्यप्रदेश भाजपा में 29 से 31 जुलाई तक तीन दिन लगातार अहम बैठकें होंगी. इन बैठकों में विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारी, विपक्ष के हमलों से निपटने की रणनीति और संगठन की समीक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी.**

29 जुलाई को सीएम डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में भाजपा विधायक दल की बैठक होगी. इसमें विधानसभा सत्र के एजेंडे के साथ-साथ विपक्ष के आरोपों पर जवाबी रणनीति पर चर्चा होगी. 30 जुलाई को प्रदेश संगठन पदाधिकारी और सभी जिला अध्यक्षों की बैठक होगी. इसमें भाजपा के हालिया कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी. साथ ही जिला अध्यक्षों से उनके कामकाज का ब्यौरा भी मांगा जाएगा. 31 जुलाई को सीएम मोहन यादव दिल्ली में भाजपा संसदीय दल की बैठक में भाग लेंगे. इसमें लोकसभा और राज्यसभा के मध्यप्रदेश से जुड़े मुद्दों को लेकर सांसदों से चर्चा होगी.

# बाइक-पिकअप भिड़ंत में एक मृत, दो घायल

**पन्ना, 27 जुलाई .** पन्ना जिले में बाइक और पिकअप वाहन की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई. हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पन्ना कोतवाली पुलिस सूत्रों से घटना के संबंध में मिली पन्ना निवासी गौरी शंकर लखेरा, प्रांशु त्रिपाठी और नमन रिछारिया तीनों दोस्त कल बाइक से ग्राम रानीपुर के पास लखनपुर सेहा जलप्रपात देखने गए थे.



इलाज के साथ,
अब अनुभव भी होगा विश्वस्तरीय

गैस्ट्रोकेयर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में लिवर और पाचन तंत्र के अलावा अब स्त्री रोग, मूत्र रोग, किडनी रोग, कैंसर, मधुमेह और हार्मोन संबंधी बीमारियों का उन्नत इलाज - नवीनतम तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में।





मध्यप्रदेश में पहली बार – अत्याधुनिक तकनीकें



FibroScan – Echosens Expert 630
- लिवर और स्प्लीन की बीमारी की painless और तुरंत जांच
- बायोप्सी का non-invasive विकल्प

SpyGlass System
- पित्त नली के कैंसर और पथरी की उन्नत जाँच
- हाई-डेफिनिशन कैमरा से सटीक डायग्नोसिस

Holmium Laser Technology
- बिना चीरे किडनी, पित्त और मूत्र नली की पथरी का इलाज

विशेषज्ञ सुविधाएं

विश्वस्तरीय - Advanced Endoscopy Theatres
उच्च सटीकता से की जाने वाली प्रक्रियाएं:
- एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, कैप्सूल एंडोस्कोपी, ई.आर.सी.पी.
- एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड और डबल बैलून एंटरोस्कोपी

Ultra-Modern Modular OT - दो 3D लैप्रोस्कोपी सिस्टम से सुसज्जित
- Gynae, GI, Urology और Cancer की जटिल सर्जरी में विशेषज्ञता
- संक्रमण-रहित (Infection-controlled) मॉड्यूलर वातावरण

Hi-Tech Radiology Unit - डिजिटल सटीकता के साथ
- सी.टी. स्कैन, एंजियोग्राफी, कलर डॉपलर
- डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी, वीडियो फ्लोरोस्कोपी

विशेषज्ञों द्वारा संचालित और पूर्ण रूप से सुसज्जित - Pathology Department
- Biopsy और Cytology की जांच वरिष्ठ हिस्टोपैथोलॉजिस्ट द्वारा
- सम्पूर्ण शरीर की स्वास्थ्य जांच की सुविधा

G.I. Physiology Lab – पाचन तंत्र की कार्यक्षमता की जांच
- Advanced Manometry – भोजन नली और आंतों की गति संबंधी समस्याओं की जांच
- pHmetry, H. Pylori Breath Tests – गैस, एसिडिटी, अल्सर जैसी समस्याओं के लिए

BIG Gastrocare Multi Speciality Hospital
E-3/120, 121, अरेरा कॉलोनी भोपाल
फोन: 0755-4055123, 4701444
हेल्पलाइन: 9300 951 215





नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश





शुभारंभ
28 जुलाई 2025, अपराह्न 1:30 बजे
सेंट्रल हॉल विधान सभा भवन

गरिमामय उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
नरेन्द्र सिंह तोमर
अध्यक्ष, विधान सभा


प्रदर्शनी
- मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान
- जलचर - जलीय जीवन के प्राणतत्व
- मध्यप्रदेश की बावड़ियाँ
- उपग्रह की नज़र से प्रदेश की प्रमुख जल संरचनाएँ
- अमृतस्य नर्मदा


मध्यप्रदेश विधान सभा के मानसून सत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान की अभूतपूर्व उपलब्धियों की विशेष रूप से संयोजित प्रदर्शनियाँ







वीर भारत न्यास

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग का आयोजन
सहयोग - जनसंपर्क विभाग ● म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्
संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय ● बरकतउल्ला विश्वविद्यालय

D 11073/25


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14